हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 मार्च 2026

04 बस स्टैंड की प्याऊ और शौचालय में गंदगी...



07 कूनो आने वाले पर्यटक कर सकेंगे घड़ियाल कछुओं के...





## खबर संक्षेप

### राजेश साहू इंजीनियर प्रकोष्ठ पर नियुक्त

**सागर**। मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के महासचिव द्वारा अध्यक्ष की स्वीकृति से राजेश साहू मकरोनिया सागर को मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश प्रभारी इंजीनियर प्रकोष्ठ पर नियुक्त किया गया है। साहू की नियुक्ति पर पारुल साहू पूर्व विधायक, विजय साहू अखिल भारतीय साहू समाज, हरलाल साहू, जितेंद्र साहू, महेश साहू, लखन साहू पूर्व कार्यपालन अभियंता नगर निगम, शैलेंद्र साहू, विजय साहू भीतर बाजार, मनोहर साहू, अखिलेश साहू, दिनेश साहू पार्षद, मुरारी साहू, अभिषेक साहू चकिया पार्षद, कमल साहू एवं समस्त साहू समाज मकरोनिया एवं सागर ने बधाई दी है।

### होली पर्व पर 3 व 4 मार्च को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**सागर**। राज्य शासन द्वारा होली पर्व के पावन अवसर पर 3 मार्च मंगलवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन की अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2026 के घोषित अवकाशों की सूची में 3 मार्च को होली के उपलक्ष्य में अवकाश घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त, राज्य शासन द्वारा 4 मार्च बुधवार को भी नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, के अंतर्गत सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### ई-विकास विषय पर प्रशिक्षण 6 मार्च को

**सागर**। किसानों को उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली पूरे प्रदेश में लागू की गई है। इसी क्रम में दिनांक 06 मार्च 2026 को ई-विकास पोर्टल एवं कृषकों से संबंधित प्रक्रिया के प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण में समस्त पटवारी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स) प्रभारी तथा विपणन संघ के डबल लॉक केंद्र प्रभारी को ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत टोकन जनरेशन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 06 मार्च को महाकवि पद्माकर सभागार, मोतीनगर, सागर में आयोजित होगा। विकासखंड सागर, राहतगढ़, जैसीनगर, बंडा एवं रहली के लिए प्रातः 10:30 बजे से 1:30 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।, विकास खंड खुरई, बीना, मालथौन, शाहगढ़, देवरी एवं केसली के लिए दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित होगा।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी निर्धारित

**सागर**। कलेक्टर के निर्देशानुसार होलिका दहन 02 मार्च, होली 03 मार्च एवं रंगपंचमी 08 मार्च के अवसर पर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। जारी आदेश के अनुसार संदीप तिवारी, तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सागर की ड्यूटी कोतवाली थाना क्षेत्र, राहुल गौड़, तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सागर ग्रामीण की ड्यूटी मकरोनिया थाना क्षेत्र, प्रतीक रजक, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सागर की ड्यूटी कैंट थाना क्षेत्र, बहादुर सिंह नायक, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सागर की ड्यूटी मोतीनगर थाना क्षेत्र एवं श्री देवीप्रसाद चक्रवर्ती, अधीक्षक भू-अभिलेख,गोपालगंज थाना क्षेत्र में निर्धारित की गई है।संपूर्ण कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी श्री अमन मिश्रा, नगर दंडाधिकारी, सागर एवं नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप पर रहेगी। सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने एवं आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## होली पर्व पर सागर पुलिस की कड़ी निगरानी

# उत्सव खुशियों का, समझौता नहीं कानून से उल्लंघन पर होगी त्वरित व सख्त कार्रवाईः पुलिस अधीक्षक सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आगामी होली पर्व एवं वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए श्री विकाश कुमार शाहवाल पुलिस अधीक्षक, सागर के निर्देशन तथा संजीव उईके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, लोकेश कुमार सिंहा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सागर के मार्गदर्शन में पूरे जिले में व्यापक सुरक्षा, सघन चेकिंग एवं 24×7 मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की गई है। जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रमुख तिराहों-चौराहों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पैदल पेट्रोलिंग, वाहन चेकिंग एवं रात्रि गश्त को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर तत्काल नियंत्रण किया जा सके। सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई भी की जाएगी।कटरबाज, गुंडा तत्व, निगरानी बदमाश एवं आदतन अपराधियों की विशेष जांच। जिला बदर/प्रतिबंधित बदमाशों की गतिविधियों पर कड़ी नजर। होटल, लॉज, ढाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सत्यापन अभियान। संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं विशेष निगरानी।

### सख्त वाहन चेकिंग एवं दंडात्मक कार्रवाई

नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर न्यूनतम 10,000 का चालान एवं वैधानिक कार्रवाई। ट्रिपल सवारी, ओवर स्पीड, स्टंटबाजी एवं लापरवाही से वाहन संचालन पर कठोर कार्रवाई। बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के वाहन संचालन पर नियमानुसार चालान। हुड़दंग, जबरन रंग लगाने या सार्वजनिक शांति भंग करने पर तत्काल गिरफ्तारी की जाएगी फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की 24×7 मॉनिटरिंग।भ्रामक, सांप्रदायिक या आपत्तिजनक खबरें/पोस्ट/वीडियो प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई। अफवाह फैलाने या कानून व्यवस्था प्रभावित करने पर आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाकर abm आपराधिक गतिविधियों से संबंधित रील/वीडियो बनाकर प्रचार करने वालों पर सख्त कार्रवाई। की जाएगी

### बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विशेष व्यवस्था

वर्तमान में संचालित बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष पुलिस व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों के पास अनावश्यक भीड़, डीजे, तेज ध्वनि या हुड़दंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई। विद्यार्थियों को भयमुक्त एवं शांत वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता। निर्धारित समय सीमा के पश्चात डीजे बजाने अथवा अत्यधिक तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम संचालित करने पर साउंड सिस्टम जब्त कर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सागर पुलिस का प्रत्येक जवान नागरिकों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। हर प्रमुख स्थान पर पुलिस की सक्रिय उपस्थिति रहेगी। आमजन की सहायता करना हमारी प्राथमिकता है, परंतु कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### शांति एवं सौहार्द की अपील

पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उत्सव मनाएं खुलकर, पर कानून की मर्यादा में रहकर। शांति भंग की तो कार्रवाई तय है।



## मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा, 2000 से अधिक परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**सागर**। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा में सागर के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा का आयोग के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मनोहर दुबे ने अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर गगन बिसेन, नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप, तहसीलदार राहुल गौड़ सहित अन्य अधिकारियों के साथ सागर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। लोक सेवा आयोग के नोडल अधिकारी बी.पी. सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में 8663 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 6365 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस प्रकार 2298 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण संपन्न हुई एवं मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा को संपन्न कराया गया।

## भारतीय जनता पार्टी सागर जिला कार्यकारिणी घोषित अनुभवी, युवाओं व नारी शक्ति को दिया गया प्रतिनिधित्व

**सागर**। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संभागीय प्रभारी गौरव रणदिवे और जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर की सहमति उपरांत भाजपा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। 35 सदस्यीय इस नवीन टीम में क्षेत्रीय संतुलन के साथ-साथ अनुभवी नेताओं, ऊर्जावान युवाओं और महिलाओं को प्रतिनिधित्व प्रदान कर संगठन का विस्तार किया गया है। सभी नवनियुक्त को बधाई देते हुए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि, ₹मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। यह टीम भाजपा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और उसे और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन विस्तार के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

### नव नियुक्त पदाधिकारीयों की सूची इस प्रकार हैं

जिला उपाध्यक्ष- जगनाथ गुरैया, मनीष चौबे, संतोष ठाकुर,निकेश गुप्ता, शैलेंद्र श्रीवास्तव,विक्रम सोनी, यश अग्रवाल,पु ष्पेंद्र परिहार। जिला महामंत्री- चेतराम अहिरवार चैन, सिंह ठाकुर, सुमित यादव। जिला मंत्री- जयंती मौर्य, अर्जुन पटेल, संध्या भार्गव, हरिशंकर कुशवाहा, सविता साहू, ऑफिसर यादव,राहुल वैध आसमा जैन। कोषाध्यक्ष विकास सांधेलिया, सह कोषाध्यक्ष- सुषमा यादव, सुमित्रा इंद्र कुमार राय। कार्यालय मंत्री- देवेंद्र कटारे, सह कार्यालय मंत्री- भूपेंद्र नामदेव, सपना कुर्मी जिला मीडिया प्रभारी - श्रीकांत जैन, सह मीडिया प्रभारी- आलोक केसरवानी, कपिल कुशवाहा साहब राज यादव। सोशल मीडिया संयोजक- अंशुल परिहार, सहसंयोजक जय सोनी, तृप्ति बाबू सिंह। आईटी विभाग संयोजक- बाल किशन सोनी सहसंयोजक- सोनू उपाध्याय, रामेश्वर नेमा।

## खुरई में नवजात बेटे के साथ महिला लापता पति बोला-सास गुमराह कर बहाने बना रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई शहरी थाना क्षेत्र के शास्त्री वार्ड से एक महिला अपने नवजात बच्चे के साथ मायके से लापता हो गई है। राजगढ़ जिले में रहने वाला उसका पति तलाश के लिए पुलिस से गुहार लगा रहा है। राजगढ़ जिले के सारंगपुर तहसील के लिमोचन थाना क्षेत्र के हराना गांव निवासी रोडमाल मालवी (25) ने बताया कि उसकी शादी खुरई के शास्त्री वार्ड निवासी मधु मालवी से करीब डेढ़ साल पहले हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद मधु गर्भावस्था के पांचवें-छठवें महीने में मायके खुरई चली गई थी।

### नवजात बेटे के साथ लापता हुई महिला

ढाई महीने पहले उसने एक बेटे को जन्म दिया था। प्रसव के बाद भी विवाहिता अपने नवजात बेटे के साथ मायके में ही रह रही थी। इसी दौरान, 20 फरवरी 2026 की शाम को वह अचानक बेटे को लेकर मायके से लापता हो गई। गुमशुदगी की सूचना उसकी सास ने खुरई शहरी थाने में दी थी।

रोडमाल मालवी ने आरोप लगाया है कि उसकी सास हर बार नई कहानी बताकर उसे गुमराह कर रही है। उन्होंने बताया कि सास ने अलग-अलग समय पर चार अलग-अलग बातें बताईं।

पीड़ित पति रोडमाल मालवी ने बताया कि पहली बार सास ने कहा कि बेटी एक हाथ में बेटा और दूसरे हाथ में बैग लेकर दुकान गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। दूसरी बार बताया गया कि दो लड़कियां घर पर आई थीं, जिनके साथ वह काम करने गई और फिर नहीं लौटी।

वहीं तीसरी बार सास ने कहा कि एक महिला घर आई थी, जो बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई। चौथी बार उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी का नाम लेकर कुछ महिलाएं आई थीं, जो बेटी को इलाज कराने ले गईं।

इंदौर में रहकर मजदूरी करता है पति रोडमाल मालवी ने बताया कि वह एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है और इंदौर में रहकर मजदूरी करता है। पत्नी की गर्भावस्था के दौरान उसने मजदूरी करके इलाज का खर्च उठाया और पैसे मोबाइल के जरिए पत्नी को भेजता रहा। बीच-बीच में वह मायके जाकर पत्नी से मिलता भी रहा।

पीड़ित पति का कहना है कि वह बेटे के जन्म की सूचना मिलने पर वह बेहद खुश था और मां व नवजात से मिलने भी गया था। हालांकि पति ये भी स्वीकार करता है कि उसे शराब पीने की आदत है। ससुराल में शराब पीने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी।

रोडमाल मालवी ने बताया कि शादी के वक्त लड़की पक्ष ने अपनी गरीबी की स्थिति बताते हुए आर्थिक मदद की मांग की थी। इसके चलते लड़के पक्ष ने शादी खर्च के नाम पर 50 हजार रुपए दिए थे और परंपरागत तौर पर गहने भी बनवाए थे। ये गहने विवाहिता अपने साथ मायके लेकर गई थी और लापता होने के समय भी वही उसके पास थे।



## झीकनी घाटी आश्रम में खाटूश्याम जी के उपलक्ष्य में मेला, बर्बरीक के त्याग का स्मरणः अविराज

**सागर**। झीकनी घाटी, बांदरी स्थित श्री अर्धनारीश्वर सेवा संस्थान आश्रम में फाल्गुन मास के पावन अवसर पर भगवान श्री खाटूश्याम जी के उपलक्ष्य में भव्य मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भगवान खाटू श्याम, जिनका मूल नाम बर्बरीक था, महाभारत के अत्यंत वीर और महान योद्धा थे। उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया और तीन अभेद्य बाण प्राप्त किए, जिससे वे 'तीन बाणधारी' के नाम से प्रसिद्ध हुए। अग्निदेव ने उन्हें दिव्य धनुष प्रदान किया, जो तीनों लोकों में विजय दिलाने में समर्थ था। अविराज सिंह ने कहा कि जब बर्बरीक अपनी माता से आशीर्वाद लेने पहुंचे तो उन्होंने हारे हुए पक्ष का साथ देने का वचन दिया। भगवान श्रीकृष्ण जानते थे कि महाभारत युद्ध में कौरवों की पराजय निश्चित है। धर्म की रक्षा हेतु भगवान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक से उनका शीश दान में मांगा, और बर्बरीक ने बिना किसी संकोच के अपना शीश काटकर अर्पित कर दिया। उनका यह त्याग त्याग की पराकाष्ठा माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब बर्बरीक ने अपना शीश दान किया, तब देवर्षि नारद सहित समस्त देवताओं ने पुष्पवर्षा कर उन्हें 'महाबली' और 'शीशदानी' की उपाधि दी। उनका यह त्याग कलयुग के प्राणियों के लिए कष्ट निवारण और मोक्ष का सुलभ मार्ग माना गया। उन्होंने बताया कि शीश दान करते समय बर्बरीक ने महाभारत युद्ध देखने की इच्छा प्रकट की। तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनका शीश एक पर्वत पर स्थापित कर दिया, जहाँ से उन्होंने संपूर्ण युद्ध देखा। युद्ध समाप्ति के बाद पांडवों में यह विवाद हुआ कि विजय का श्रेय किसे है। तब भगवान श्रीकृष्ण सभी को बर्बरीक के पास ले गए। बर्बरीक ने स्पष्ट कहा कि इस युद्ध में सर्वाधिक शक्तिशाली भगवान श्रीकृष्ण थे, जिन्होंने अर्जुन के सारथी बनकर धर्म की विजय सुनिश्चित की।अविराज सिंह ने कहा कि बर्बरीक की भक्ति और त्याग से प्रसन्न होकर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें वरदान दिया कि वे कलयुग में 'श्याम' नाम से पूजे जाएंगे। जो व्यक्ति जीवन में हर ओर से पराजित होकर उनके शरण में आएगा, उसकी हार को भी वे विजय में परिवर्तित करेंगे। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालु आज भी खाटूश्याम जी के दर्शन कर अपने कष्टों से मुक्ति की कामना करते हैं।

## होली का त्यौहार आपसी मतभेद भुलाकर, भाईचारे का संदेश देता है : विद्यार्थी

**सागर**। होली भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख रंगोत्सव है, जो ₹बुराई पर अच्छाई ₹,आपसी प्रेम व सौहार्द एवं वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। यह त्योहार आपसी मतभेद भुलाकर, भाईचारे, पुरानी गलतियों को क्षमा करने और जीवन में नये संबंध स्थापित करने तथा सकारात्मकता व हर्षोल्लास के रंगोत्सव को भरने का संदेश देता है। हर्ष का विषय है कि आज की इस गोष्ठी में अपने सृजन में अधिकांशतः साहित्यकारों ने यही संदेश देने का प्रयास किया है व सफलता भी प्राप्त की है। यह बात सागर से संतोष श्रीवास्तव 'विद्यार्थी' ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1624 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 302 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे।रायसेन से चित्रा चतुर्वेदी ने संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से डॉ करूणा ठाकुर ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में टीकमगढ़ से मुन्नालाल मिश्रा ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह करते हुए समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्वागत भाषण सिर्फ शब्दों की माला नहीं अपितु अंतस्थ के भावों की वह अभिव्यक्ति है जो हृदय की धड़कन से प्रकट होने के साथ-साथ स्वागत की माला पिरो कर अभिव्यक्ति का आकार देती है। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने समस्त उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। काव्य पाठ हेतु बड़ा मलहरा से डॉ देवदत्त द्विवेदी सरस, रीवा से डॉ बारेलाल जैन एवं डॉ जिनेश जैन, पृथ्वीपुर से श्रीमती संध्या साहू, झारखंड से किरण राज, दमोह से डॉ पुष्पा चिले, सागर से साहित्य मनीषीगण पूरन सिंह राजपूत, डॉ सीताराम श्रीवास्तव भावुक, डॉ श्याम मनोहर सिरोठिया, डॉ नलिन निर्मल जैन, मणिदेव ठाकुर देव ने काव्यपाठ किया।

## पति ने पत्नी को छत से नीचे फेंका, जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हसुआ रोड स्थित साईं मंदिर के पास बगीचे में रहने वाली एक महिला को उसके पति द्वारा छत से नीचे फेंकने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार विनीता ठाकुर को उसके पति ने शराब के नशे में छत से धक्का दे दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों और परिजनों के



परिचित ने घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। मामले की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दे दी गई है।



## ज्ञान सागर कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**सागर**। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ज्ञान सागर ग्रूप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा "यूरिका! सिद्धांत और वास्तविकता के बीच सेतु" विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रमन द्वारा वर्ष 1928 में की गई "रमन प्रभाव" की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए उन्हें 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. ए.पी. मिश्रा (पूर्व अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर) के करकमलों से हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के डायरेक्टर इंजी. रितुल सरफ ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. जैन सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. आर.के. जैन ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों, प्रयोगशालाओं या शोध-पत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिज्ञासा, नवाचार, प्रयोग और प्रश्न पूछने के साहस में विकसित होता है। "यूरिका" खोज और समझ के उस प्रेरणादायी क्षण का प्रतीक है, जब जिज्ञासा ज्ञान में परिवर्तित होती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान की वास्तविक शक्ति उसकी खोज में नहीं, बल्कि उसके व्यावहारिक अनुप्रयोग में निहित है। सिद्धांत और वास्तविकता के बीच सेतु का निर्माण करते हुए हमें स्वास्थ्य, पर्यावरणीय सततता, कृषि, शिक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में समाजोपयोगी समाधान विकसित करने होंगे। मुख्य वक्ता प्रो. ए.पी. मिश्रा ने वैज्ञानिक अनुसंधान की वर्तमान चुनौतियों और नवाचार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ताओं में डॉ. संध्या पटेल (भौतिकी विभाग) एवं डॉ. दीपाली जाट (प्राणीशास्त्र विभाग) ने भी अपने विषयों पर प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किए।डॉ संध्या पटेल ने लेज़र एवं उसके उपयोग के बारे मे विद्यार्थियों को बताया साथ ही डॉ दीपाली जाट ने वैज्ञानिक और उनकी खोज के बारे मे बताया।

## शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' का भव्य आयोजन

# विज्ञान में महिलाएंः उत्प्रेरित विकसित भारत के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में मध्य प्रदेश परिषद विज्ञान और प्रौद्योगिकी, भोपाल के निर्देशानुसार 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के शुभ अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का गरिमामय आयोजन प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। महान भारतीय वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और समाज में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और मंगलाचरण से किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की इस बार की थीम 'विज्ञान में महिलाएंः उत्प्रेरित विकसित भारत' के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं के आयोजन का संगम देखने को मिला, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मुख्य रूप से तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला




के माध्यम से महिलाओं का विज्ञान में योगदान, पर्यावरण संरक्षण और डीएनए संरचना जैसे जटिल वैज्ञानिक विषयों को रंगोली के रूप में फर्श पर जीवंत कर दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के 100 विद्यार्थियों ने चार्ट पेपर पर विज्ञान के वरदान और भविष्य की कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

विज्ञान के इतिहास, वर्तमान आविष्कारों और अंतरिक्ष विज्ञान पर आधारित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिससे उनकी तार्किक क्षमता का प्रदर्शन हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने विज्ञान के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान हमें 'क्या', 'कैसे' और 'क्यों' पूछने की शक्ति देता है। यह अंधविश्वास को मिटाकर तार्किक सोच को बढ़ावा देता है। चिकित्सा से लेकर कृषि तक, विज्ञान ने कठिन से कठिन समस्याओं का सरल समाधान प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि कला, संस्कृति और विज्ञान के अभाव में मानव का समुचित विकास संभव नहीं है।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अमित विश्वास ने जैव विविधता के विभिन्न आयामों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शैलेंद्र सिंह राजपूत ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए बताया कि आज के युग में विज्ञान केवल आविष्कारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण को बचाते हुए सतत प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। विज्ञान व्यक्ति को लीक से हटकर सोचने और नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है, जो राष्ट्र निर्माण के लिए अनिवार्य है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामकुमार तिवारी ने किया तथा आभार डॉ. शैलेंद्र सिंह राजपूत ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ. रंजना मिश्रा, डॉ. गोपा जैन, डॉ. इमरान सिद्दीकी, डॉ. प्रकाश कुशवाहा, डॉ. विकास त्रिपाठी, डॉ. रविंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. संजय राय, श्री सुनील प्रजापति, श्रीमती भानुप्रिया पटेल, श्रीमती गुलफशा, श्रीमती राखी गौर और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

**ललितपुर।** जिले में अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मदनपुर थाना पुलिस ने शनिवार को दो लंबे समय से वांछित वारंटियों को गिरफ्तार करनेमेंसफलताप्राप्त कीहै। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में वांछित और वारंटी अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी कालू सिंह एवं सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में मदनपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में दबिश दी गई। मदनपुर थानाध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गोराखुर्द में कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को धर दबोचा। पकड़े वारंटियों में ग्राम गोराखुर्द निवासी हरप्रसाद व जमना पुत्र स्व. पुनु पाल बताये गये हैं।

### दिल्ली में भंडारे की तैयारी, सहयोग मांगा

**ललितपुर।** श्री शिव सेवक दिल्ली द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ललितपुर से धर्मेंद्र, शुभम और हरिमोहन बांके बिहारी चौरसिया के नेतृत्व में सहयोग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष विभिन्न सेवादारों के सहयोग से लगभग पांच लाख रुपये से अधिक की राशि दिल्ली भेजी गई थी। इस वर्ष भी मुख्य सेवादार हरिमोहन बांके बिहारी चौरसिया ने ललितपुर जनपद की जनता से अपील की है कि वह स्वेच्छा से दान राशि देकर पुण्य अर्जित करें और इस धार्मिक आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भंडारे में देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और सेवा का लाभ उठाते हैं। अब तक ललितपुर से गणेशाराम चौरसिया, राजकुमार साहू, सुनील मालवीय, राजा भैया, हर देनिया, आशु, संजीव भरे खटीक, मुकेश राठौर, अंतिम त्यागी, रामरतन शर्मा, मनीष शर्मा, संजीव आकाश, प्रमोद चौरसिया, संदीप शर्मा, राजेंद्र राजपूत, रामदास डोड, बानी अजमेरी, दारा सिंह संभल ग्वाला, अभिषेक निरंजन, भूपेंद्र, दीपेश, राजेंद्र राजपूत, भारत चौरसिया, घनश्याम चौरसिया, लक्ष्मी नारायण, पीतांबर ज्वेलर्स तथा कुशल गुप्ता के माध्यम से सहयोग प्राप्त हो चुका है। मुख्य सेवादार हरिमोहन ने बताया कि इस वर्ष भी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विशाल भंडारे में अधिक से अधिक लोग पहुंचकर सेवा और धर्म लाभ प्राप्त करेंगे।

### वार्षिकोत्सव उमंग का आयोजन

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में वार्षिकोत्सव ष्उमंगष के अंतर्गत तृतीय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोज न किया गया।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्डों और बस स्टैंड का निरीक्षण किया

# बस स्टैंड की प्याऊ और शौचालय में गंदगी मिली, सफाई के निर्देश

### वार्डों में पाइप लाइन का काम जल्द पूरा करने की मोहलत दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने शनिवार को पालिका टीम और जल निगम के अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों और सार्वजनिक स्थलों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता जांची और जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

#### वार्ड नं. 5 व 11 में पाइप लाइन और सड़कों का बुरा हाल

अध्यक्ष ने वार्ड संख्या 5 (झांसीपुरा) और वार्ड संख्या 11 (सिविल लाइन तृतीय) का भ्रमण किया। झांसीपुरा में माता मंदिर के पास सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मोती मंदिर मार्ग पर जल निगम द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे मिले। मोहल्लेवासियों ने शिकायत की कि कई दिनों से गड्ढे न भरे जाने के कारण आवागमन बाधित है और पेयजल की भारी किल्लत है। इस पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जल निगम के अधिकारियों को होली पर्व के तत्काल बाद सड़क मरम्मत और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 मार्च तक पाइप लाइन डालने का कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

#### बस स्टैंड पर सुविधाओं का अभाव

होली के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए अध्यक्ष ने बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया। यात्रियों ने बताया कि प्रतीक्षालय में पंखे नहीं हैं और शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। मौके पर अध्यक्ष ने प्रतीक्षालय में तत्काल नए पंखे और लाइट लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही, बस स्टैंड पर स्थित प्याऊ में गंदगी देख उन्होंने सफाई निरीक्षक को फटकार लगाई और पानी की टंकी की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

#### पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया

निरीक्षण के दौरान वार्ड वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी समस्याओं को रखा। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि शहर के विकास और जनसुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जैन विश्व भारती में कार्यशाला

# संस्कृत को जनसुलभ और व्यावहारिक बनाने पर जोर




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के प्राकृत एवं संस्कृत विभाग द्वारा सरल मानक संस्कृतम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा को उसके प्राचीन स्वरूप से निकाल कर सरल, व्यावहारिक और जन सुलभ बनाकर व्यापक प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित करना था। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. जिनेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि संस्कृत मात्र एक प्राचीन भाषा नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, दर्शन और महान ज्ञान परंपरा की मूल आधारशिला है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी के लिए संस्कृत को संवाद योग्य और उपयोगी बनाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्य अतिथि श्रीलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. दिनेश कुमार यादव ने संस्कृत के वैश्विक महत्व और इसके शैक्षणिक आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस कार्यशाला को मानकीकृत संस्कृत शिक्षण की दिशा में एक अत्यंत उपयोगी पहल बताया। विशिष्ट अतिथि एनसीईआरटी नई दिल्ली के डा.देवकीनंदन शर्मा ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संस्कृत को केवल ग्रंथों तक सीमित न रखकर बोलचाल की भाषा के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।वरिष्ठ प्रो.दामोदर शास्त्री ने रोचक उदाहरणों के माध्यम से सरल संस्कृत के प्रयोगों को स्पष्ट किया। वहीं, राजस्थान संस्कृत अकादमी की पूर्व अध्यक्षा सुषमा सिंघवी ने प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वह संस्कृत को अपने दैनिक जीवन के व्यवहार में अपनाकर इसके संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाएं। संचालन डा. सब्यसाची सारंगी ने किया, जबकि डा. सत्यनारायण भारद्वाज ने आभार जताया।

# पीजी कॉलेज में ओरल हेल्थ चेकअप कैंप व व्याख्यानमाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के क्रम में शनिवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ओरल हेल्थ चेकअप कैंप और व्याख्यानमाला का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हाल में संपन्न हुआ। जिसमें जिला स्वास्थ विभाग की ओर से आई टीम ने डॉ. राधिका मित्तल के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का ओरल चेकअप किया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और ओरल चेकअप करवाया। इसी के साथ डॉ राधिका मित्तल ने ओरल हेल्थ को कैसे अच्छा रखें और कैसे अपने दांतों का बचाव करें विषय पर जानकारी देते हुए सभी विद्यार्थियों को नियमित ब्रश करने, जिसमें दिन में प्रातः व रात को सोने से पहले ब्रश करने की सलाह दी, उन्होंने बताया कि हमें नियमित रूप से अपने ओरल हेल्थ की जांच वर्ष में कम से कम एक या फिर हर छः महीने में एक बार करवाना ही चाहिए जिससे हम किसी भी समस्या से खुद के दांतों का बचाव कर सकते हैं। साथ ही मित्तल ने तंबाकू, गुटखा एवं सिगरेट से होने वाले दुष्परिणामों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं इनसे खुद व परिजनों को बचने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम को बहुपयोगी एवं दूरदर्शिता का कार्यक्रम बताते हुए इसके सार्थक आयोजन के लिए माननीय उच्च शिक्षा मंत्री महोदय उच्च शिक्षा विभाग, एवं स्वास्थ विभाग को धन्यवाद अर्पित किया। कार्यक्रम का व्यवस्थागत संचालन हीरा सिंह खेल अधिकारी ने किया।

### नरवाई प्रबंधन को लेकर हार्वेस्टर मालिकों की बैठक आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन के संबंध में सहायक कृषि यंत्री कार्यालय श्योपुर में हार्वेस्टर मालिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी हार्वेस्टर मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रत्येक हार्वेस्टर पर कम से कम दो अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। अन्य राज्यों या जिलों से श्योपुर जिले में प्रवेश करने वाले हार्वेस्टरों का संचालन बिना अग्निशमन यंत्र के न किया जाए। साथ ही निर्देशित किया गया कि हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रॉ रीपर के माध्यम से नरवाई का प्रबंधन कर भूसा बनाया जाए। किसी भी स्थिति में नरवाई को जलाया न जाए। अधिकारियों ने बताया कि नरवाई में आग लगाने से भूमि में मौजूद सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वराशक्ति कमजोर होती है। इसके अतिरिक्त मिट्टी का तापमान 150 से 170 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ जाता है तथा पर्यावरण में प्रदूषण फैलता है।

# कर्नाटक संपर्क क्रांति में जेबकतरे ने यात्री के 13,500 रुपए उड़ाए

**ललितपुर।** रेल यात्रा के दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के सामान और नकदी पर हाथ साफ करने वाले गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। ताजा मामला झांसी-मिरज रेल मार्ग पर चलने वाली चंडीगढ़-यशवंतपुर कर्नाटक संपर्क क्रान्ति एक्सप्रेस (22686) से सामने आया है, जहां एक यात्री की जेब से अज्ञात उचक्के ने 13,500 रुपये की नकदी उड़ादी। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्रके कोल्हापुर निवासी राजेश मिश्रा अपने परिवार के साथ झांसी से मिरज की यात्रा कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि वह ट्रेन की जनरल बोगी में सवार थे। यात्रा के दौरान उन्होंने चलती ट्रेन में वेंडर से चाय ली और पैसे चुकाए, उस वक्त उनके पास नकदी सुरक्षित थी। लेकिन कुछ ही देर बाद जब उन्होंने अपनी जेब चेक की, तो उनके होश उड़ गए। उनकी पैंट की जेब में रखे 500-500 रुपये के कुल 27 नोट (कुल 13,500 रुपये) गायब थे। पीड़ित राजेश मिश्रा के मुताबिक, जनरल बोगी में यात्रियों की भारी भीड़ थी, जिसके कारण वह पूरी यात्रा के दौरान खड़े होकर सफर कर रहे थे। इसी भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात बदमाश ने बड़ी सफाई से उनकी जेब काट ली। चोरी का अहसास होने पर उन्होंने कोच में नीचे तलाश की और आसपास के यात्रियों से भी पूछताछ की, लेकिन रुपयों का कोई पता नहीं चला। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी ललितपुर ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आरएमवी कॉलोनी के पास की घटना

# दबंगों ने दुकानदार को पीटा



**ललितपुर।** थाना कोतवाली अंतर्गत आरएमवी कॉलोनी कट पर एक दुकानदार के साथ मारपीट और तोडफ़ोड़ का मामला सामने आया है। दबंगों ने न केवल पीड़ित के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, बल्कि साक्ष्य मिटाने की नीयत से दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित मोहल्ला रावतयाना निवासी रोहित यादव पुत्र राजेंद्र सिंह यादवने बताया कि 27 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद था। तभी क्षेत्र के कुछ नामजद युवक अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। जब रोहित ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।घटना के दौरान आरोपियों ने दुकान में तोडफ़ोड़ की और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर को तोड़ दिया ताकि हमले की कोई फुटेज रिकॉर्ड न हो सके। पीड़ित के मुताबिक, उसका डीवीआर भी मौके से गायब है। मारपीट के शोरगुल के बीच जब पीड़ित के पिता वहां पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर ग्राम खोंखरा निवासी मुकुन्द सिंह पुत्र नाहर सिंह, खोंखरा निवासी बॉबी राजा पुत्र शेर सिंह, मोहल्ला चौबयाना निवासी बब्बू राजा पुत्र राजेन्द्र सिंह, खिरिया छतारा निवासी बड़े राजा पुत्र राजाराम, मोहल्ला चौबयाना निवासी बुद्ध सिंह और अज्ञात साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# लायंस क्लब ने डॉ. यशपाल का सम्मान किया



**ललितपुर।** लायंस क्लब ललितपुर गर्व द्वारा न्यूरो सर्जरी विशेषज्ञ डा. यशपाल सिंह बुंदेला (डायरेक्टर, न्यूरो सर्जरी, मेदांता हॉस्पिटल नोएडा) को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया। डा.बुंदेला प्रतिमाह के चौथे शुक्रवार को नोएडा से ललितपुर आकर नदीपुरा स्थित अस्पताल में मरीजों को अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को उन्नत न्यूरो चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रही है। क्लब पदाधिकारियों ने उनके इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान डा.बुंदेला ने आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में लायंस क्लब ललितपुर गर्व के तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर्ड अध्यक्ष संजय जैन रिंकू, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र जैन टिंकू, सचिव जितेंद्र शर्मा जीतू, अमित लिंकन एवं प्रभात चौहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या में वांछित दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार थाना बानपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 32/2026, धारा 85, 80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त ग्राम वीर निवासी अतीश उर्फ कृष्णकांत पुत्र अमोद पाल एवं अमोद पाल पुत्र जानकी प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। वांछितों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक विपिन डेडा शामिल रहे।

## तहसील से पावर हब तक, आधी सदी का साक्षी बना देवगढ़ की गोद में बसा ललितपुर

# 83 वर्षों की प्रतीक्षा, 52 वर्षों की विकास यात्रा, अब आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

1 मार्च 2026 को ललितपुर अपना 52वां स्थापना दिवस मना रहा है। यह अवसर केवल एक प्रशासनिक वर्षगांठ नहीं, बल्कि उस जनभावना, संघर्ष और धैर्य का प्रतीक है जिसने 83 वर्षों तक तहसील से जिला बनने की लड़ाई लड़ी। 1891 में ब्रिटिश शासन द्वारा तहसील का दर्जा मिलने के बाद भी ललितपुर लंबे समय तक झांसी जनपद का हिस्सा रहा।

स्वतंत्रता के बाद जनआंदोलनों और क्षेत्रीय अस्मिता की मांग ने जोर पकड़ा और अंततः 1 मार्च 1974 को तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा ने तुवन मैदान से ललितपुर को जिला घोषित किया। ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक गौरवललितपुर का नामकरण रानी ललिता देवी के नाम से जुड़ा है। किंवदंती के अनुसार महाराज सुम्मेर सिंह यहाँ स्थित तालाब में स्नान कर रोगमुक्त हुए और उसी के बाद इस क्षेत्र को रानी ललिता के सम्मान में ललितपुर कहा गया। यह केवल एक नाम नहीं, बल्कि राजसी परंपरा, लोककथाओं और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। प्रशासनिक विस्तार से बदली तस्वीर1974 में सीमित प्रशासनिक ढांचे से शुरू हुआ यह जिला आज 5 तहसीलों —ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, मड़ावरा और पाली — तथा 6 विकास खंडों में विस्तृत है। जिला बनने के बाद सरकारी कार्यालयों, न्यायिक व्यवस्थाओं, शिक्षा संस्थानों और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थापना ने स्थानीय लोगों को झांसी या अन्य शहरों पर निर्भरता से काफी हद तक मुक्त किया। इससे क्षेत्रीय प्रशासनिक सशक्तीकरण हुआ और निर्णय प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर तेज हुई। कनेक्टिविटीः पिछड़े कोने से राष्ट्रीय कॉरिडोर तककभी प्रदेश का अंतिम छोर कहे जाने वाला ललितपुर आज एनएच-44 और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़कर उत्तर-दक्षिण आर्थिक गलियारे का हिस्सा बन चुका है। बेहतर सड़क संपर्क ने कृषि उत्पादों, खनिजों और ऊर्जा आपूर्ति को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया। आने वाले वर्षों में यह कनेक्टिविटी औद्योगिक निवेश के लिए सबसे बड़ा आधार साबित हो सकती है।

### जल प्रबंधन

सूखे से जल-सरप्लस तकराजघाट, माताटीला, गोविंद सागर, जामनी और रोहिणी जैसे बांधों ने ललितपुर को बांधों का जिला बना दिया। बुंदेलखंड जो कभी सूखे के लिए बदनाम था, वहीं ललितपुर ने जल प्रबंधन के माध्यम से सिंचाई क्षमता बढ़ाकर कृषि उत्पादन में स्थिरता लाई। दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि ने किसानों की आय में सुधार किया। हालांकि भविष्य की चुनौती यह है कि जल संरक्षण और भूजल स्तर के संतुलन को बनाए रखने के लिए माइक्रो-इरिगेशन और ड्रिप तकनीक को और बढ़ावा दिया जाए। ऊर्जा हब के रूप में पहचान 1980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट और सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना ने ललितपुर को ऊर्जा मानचित्र पर स्थापित किया है। विद्युत उत्पादन ने न केवल राजस्व बढ़ाया, बल्कि जिले को औद्योगिक निवेश के लिए आकर्षक बनाया।अब आवश्यकता है कि ऊर्जा आधारित उद्योग, जैसे—फूड प्रोसेसिंग, सीमेंट, और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित कर स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए।

### खनिज संपदा

अवसर और संतुलनग्रेनाइट और रॉक फॉस्फेट की खदानों ने आर्थिक गतिविधियों को गति दी है।खनन से राजस्व और रोजगार बढ़ा, लेकिन पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। भविष्य की रणनीति में सस्टेनेबल माइनिंग और हरित पुनर्वास नीति को प्राथमिकता देना होगा।



### पर्यटन

अतीत से भविष्य की ओर, देवगढ़ का दशावतार मंदिर, जैन मंदिर समूह, महावीर स्वामी अभयारण्य, नीलकंठेश्वर मंदिर, तुवन सरकार जैसे स्थल ललितपुर को धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन का केंद्र बनाते हैं।यदि बुनियादी सुविधाओं, होटलों और प्रचार-प्रसार को बेहतर किया जाए तो ललितपुर बुंदेलखंड का प्रमुख पर्यटन सर्किट बन सकता है। इससे स्थानीय हस्तशिल्प और छोटे व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। चुनौतियाँ अभी बाकी हैंमड़ावरा और महरौनी जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक पिछड़ापन,युवाओं का पलायन,कौशल विकास संस्थानों की कमी,स्वास्थ्य सेवाओं का ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित पहुंच।

### समाधान की दिशा

प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क और बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल अथॉरिटी का विस्तार यदि समयबद्ध तरीके से लागू होता है, तो अगले 10 वर्षों में ललितपुर रोजगार के नए अवसरों का केंद्र बन सकता है।साथ ही, कौशल विकास केंद्रों और स्टार्टअप प्रोत्साहन योजनाओं पर विशेष ध्यान देना होगा। संघर्ष से स्वाभिमान तक ललितपुर की 52 वर्ष की यात्रा बताती है कि संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि प्रबंधन और इच्छाशक्ति की जरूरत होती है।यह जिला आज पावर और वाटर हब की पहचान बना चुका है, लेकिन अगला लक्ष्य होना चाहिए। रोजगार और पर्यटन हब बनना।स्थापना दिवस केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की रणनीति तय करने का अवसर है। ललितपुर का अगला दशक विकास, संतुलन और आत्मनिर्भरता का दशक हो। 52वें स्थापना दिवस पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं!

### मुख्यमंत्री ने कूनो नदी में छोड़े 53 घड़ियाल और 25 कछुए

# कूनो आने वाले पर्यटक कर सकेंगे घड़ियाल कछुओं के दर्शन: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रोजेक्ट चीता के माध्यम से देश भर में प्रसिद्ध पाने वाले कूनो नेशनल पार्क में अब पर्यटक मगरमच्छ, घड़ियाल, कछुए ओर कई दुर्लभ प्रजाति के जलचरों के दर्शन भी कर सकेंगे। कूनो पर्यटकों का भरपूर मनोरंजन करे इसमें कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। यह बात रविवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कूनो नेशनल पार्क में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कही, वे रविवार को कूनो नदी में घड़ियाल ओर कछुओं को छोड़ने पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में प्रधानमंत्री की पहल पर शुरू हुआ चीता प्रोजेक्ट निरंतर सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है। गत दिवस ही बोत्सवाना से आए 9 चीतों को रिलीज किया गया है, जिससे प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। इस दौरान सीएम ने कूनो नेशनल पार्क के भीतर पालपुर फोर्ट के सामने कूनो नदी किनारे 53 घड़ियाल और 25 कछुए नदी में छोड़े गए, गेवेलियस गैंगेटिक्स नाम के छोड़े गए 53 घड़ियालो में 28 नर एवं 25 मादाएं शामिल हैं। इसी प्रकार छोड़े गए 25 कछुए श्री स्ट्रिप्ड रूफ टार्टल प्रजाति के हैं, जिनका वैज्ञानिक नाम वाटागुरु डोगोका है। इस अवसर पर राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य देवरी मुरैना की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। घड़ियाल रिलीज कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे और उन्होंने भी घड़ियाल रिलीज किए। इस अवसर पर पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरिया, उपाध्याय राज्य मंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामलखन नापाखेडली, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद सिंह जादौन, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी, भाजपा कोषाध्यक्ष सुमित सिंहल, नगरपरिषद अध्यक्ष विजयपुर कमलेश कुशवाह, सुजीत गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, मेहरबान सिंह यादव आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके साथ ही एसीएस वन संदीप यादव, कमिश्नर सुरेश कुमार, आईजी चम्बल सचिन अतुलकर, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, सीसीएफ उत्तम कुमार, डायरेक्टर राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य एवं डीएफओ हरीश बघेल, डीएफओ कूनो आर थिरुकुराल, सामान्य केएस रंधा, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, विजय शाक्य आदि अधिकारी उपस्थित रहे।




**घड़ियाल प्रोजेक्ट के लिए मुफीद है कूनो**

चंबल की अप नदी कूनो चंबल की ही तरह देश की सबसे स्वच्छ नदियों में शामिल है। शिवपुरी जिले के पठारी क्षेत्रों से उद्गमन हुई कूनो दक्षिण से उत्तर की ओर बहते हुए अंत में मुरैना जिले में चंबल नदी में मिल जाती है। इस नदी की गहराई और यहां पर अवैध उत्खनन की कोई संभावना नहीं होने के कारण यह नदी घड़ियाल प्रोजेक्ट के लिए सबसे सुरक्षित स्थान है। वन्य जीव विशेषज्ञों के अनुसार इस नदी में घड़ियाल कछुया जैसे जलचरों का प्रजनन चंबल नदी की तरह ही तेजी से होगा।



**कल के रूठों को आज मनुहार कर मनाया**

शनिवार को केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा बोत्सवाना से आए चीतों को छोड़ने के आयोजित कार्यक्रम में प्रवेश न देने की बात पर नाराज हुए सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई जो व्यवस्था से नाराज होकर कूनो के गेट से ही लौट गए थे ने अपनी नाराजगी जोरदार तरीके से व्यक्त की थी जो रविवार को अखबारों की सुर्खी बनी। रविवार को हुए कार्यक्रम में यह दोनों नेता मौजूद रहे उन्हें कार्यक्रम में लाने के लिए प्रशासन खुद उनके पास पहुंचा और एक दिन पहले हुई गड़बड़ी के लिए खेद भी व्यक्त किया भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने भी दोनों नेताओं से चर्चा कर उन्हें कार्यक्रम में आने का न्यौता दिया। सूत्रों की मांने तो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी दोनों नेताओं से फोन पर चर्चा की ओर उनका पार्टी में सम्मान बनाए रखने का भरोसा दिलाया था।

### फाग महोत्सव में कलाकारों ने भजनों की तान से दिनभर किया खाटू श्याम का गुणगान

## भजनों पर खूब थिरके श्रद्धालु, श्याम संग खेली इत्र, फूल, रंग व गुलाल की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के कलारना रोड स्थित श्री खाटूश्याम जी मंदिर श्याम हवेली पर रविवार को होली के उपलक्ष्य में फाग महोत्सव मनाया गया। इस दौरान शहर समेत आसपास गांवों से हजारों की तादाद में जुटे श्रद्धालुओं ने इत्र, फूल, रंग व अबीर से भगवान के संग होली खेली। करीब आठ घंटे चले फाग महोत्सव में आमंत्रित कलाकारों ने साज और आवाज की जुगलबंदी के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। इस दौरान श्रद्धालु भजनों पर खबू थिरके। जिससे मंदिर क्षेत्र का नजारा वृंदावन जैसा दिखाई पडा

श्याम उत्सव समिति की ओर से आयोजित फाग महोत्सव में श्याम प्रभु का दिव्य दरबार सजाकर अलौकिक श्रृंगार किया गया। सुबह 11:30 बजे कोटा, दिल्ली और जयपुर से मंगवाए फूलां से खाटूश्याम जी का आलोकिक श्रृंगार किया, इसके बाद महाआरती कर फाग महोत्सव शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे से फूलों की होली का विशेष कार्यक्रम शुरू हुआ जो रात 8 बजे तक अनवरत चला। इसमें हजारों की संख्या में श्याम प्रेमियों ने भगवान के संग फूलों से होली खेली। इस अवसर पर इत्र की सुगंध से समूचा माहौल महक उठा। मंदिर परिसर रंग-गुलाल और फूलों की वर्षा से माहौल भक्तिमय हो गया। भक्तों ने खाटू नरेश के चरणों में प्रेम और आस्था के रंग उड़ाए। कार्यक्रम के दौरान समूचा पांडाल पुरुष, महिलाओं और बच्चों से खचाखच भरा रहा। बीच बीच में श्याम प्रभु के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।





**कलाकारों ने गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोहा**

कलारना स्थित श्याम हवेली पर फाग महोत्सव में सूरत से आई प्रसिद्ध भजन गायिका अनन्या सिरोदिया, विराट मिमरोट तथा पवन मेवाड़ा ने भजन और नृत्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। अनन्या सिरोदिया ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की, और पारंपरिक भजनों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### 15 मार्च को आयोजित की जाएगी वृहद बैठक

## जनसहयोग से होगा रामेश्वर क्षेत्र का होगा विकास, प्रचार समिति का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम स्थित भगवान रामेश्वर महादेव और लक्ष्मी नारायण मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुए इस पूरे क्षेत्र का विकास जन सहयोग के जरिए किया जाएगा। इसके लिए जन सहयोग से धन संग्रह किए जाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। वहीं रविवार को रामेश्वर धाम पर इस संबंध में आयोजित बैठक में एक प्रचार प्रसार समिति का गठन भी किया गया।

रविवार को रामेश्वर धाम पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी रामशंकर धीरोली के द्वारा की गई। वहीं क्षेत्रभर के समाजसेवी और गणमान्य नागरिक भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने इस समूचे रामेश्वर धाम परिसर का विकास किए जाने की जरूरत बताई। जिसमें शासन प्रशासन के साथ साथ इस क्षेत्र के गणमान्य और समाजसेवी नागरिकों का भी सहयोग लिया जाए। इसके लिए बैठक में तय किया गया कि 15 मार्च को दोपहर 12 बजे एक वृहद बैठक आयोजित की जाएगी। इस वृहद बैठक में अधिक से अधिक नागरिकों की उपस्थिति हो,इसके लिए एक प्रचार प्रसार समिति गठित की गई। अब समिति इस बैठक में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति के लिए क्षेत्र में प्रचार प्रसार करेगी। इस बैठक में समाजसेवी कैलाश पाराशर, जय सिंह जादौन, लक्ष्मीनारायण मीणा पूर्व सरपंच सोईकलां, वीपी सिंह रावत सोईकलां, जैनी सरपंच रामभरत मीणा, मानपुर सरपंच प्रतिनिधी लक्ष्मीनारायण आर्य, ओम पाराशर,जसवंत मीणा मेवाडा,सुमेर सिंह जादौन, रवि गोयल ढोढर सहित बडी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



## ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से बोली लगाकर 16 लाख 55 हजार में बेचा भूसा, राशि मंदिर समिति को दी दान

**श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर आयोजित बैठक के दौरान लगाई भूसे की बोली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ग्राम जैनी के ग्रामीणों ने अपने खेतो में खडी सरसों की फसल से निकलने वाले भूसे का विक्रय रविवार को सामूहिक रूप से बोली लगाकर विक्रय कर दिया। सामूहिक बोली के द्वारा यह भूसा 16 लाख 55 हजार रूपए बिका। भूसे से मिलने वाली राशि को ग्रामीणों ने श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर समिति को दान कर दिया है। अब मंदिर समिति उक्त राशि को मंदिर को भव्य बनाने पर खर्च करेगी।

दरअसल रविवार को जैनी गांव के ग्रामीण श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर एकत्रित हुए। जहां उनके द्वारा उनके खेतो में खडी सरसो की फसल के भूसे को सामूहिक रूप से बोली लगाकर विक्रय किया गया। इस सरसो के भूसे को खरीदने के लिए कई खरीददार मंदिर पर पहुंचे और उनके द्वारा भूसा खरीदने के लिए बोली गई है।सर्वाधिक बोली श्रवण बंजारा ने 16 लाख 55 हजार रूपए लगाई। जिसके बाद जैनी के ग्रामीणों ने श्रवण बंजारा को अपने खेतो में खडी सरसो के फसल के भूसे को विक्रय कर दिया। इसके बाद ग्रामीणो ने सरसो के भूसे से मिलने वाली 16 लाख 55 हजार रूपए की राशि को हाथो हाथ श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर समिति के सुपुर्द कर दिया है। बता दें कि ग्राम जैनी के ग्रामीण इस तरह सामूहिक रूप से बोली लगाकर अपने खेत में खडी सरसो की फसल के भूसे को विक्रय करते है और फिर एकत्रित राशि को श्री क्षेत्रपाल बाबा मंदिर समिति को दान कर देते है। ताकि उनकी आस्था का स्थल बाबा का यह मंदिर भव्य बन सके।



## 49 किशोरी, बालिकाओं को लगाए एचपीवी के टीके




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण का कैंप जिला अस्पताल में आयोजित किया गया, जिसमें 49 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इसके साथ ही सीएचसी बड़ौदा कराहल एवं विजयपुर में भी किशोरी बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। जिले में लगातार टीकाकरण कार्य जारी है, ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके।


**कराहल में दिव्यांगता शिविर आयोजित**

श्योपुर। जनपद पंचायत कराहल में जन्म से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के यूडी आईडी प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 19 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमें से 16 बच्चों का स्वास्थ परीक्षण कर यूडी आईडी कार्ड बनाये गए।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने सीएम को पत्र सौंपा घड़ियाल सफारी शुरू करवाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल नदी की राजस्थान सीमा में काफी दिनों से घडियाल सफारी लोग लुत्फ उठा रहे है,लेकिन चंबल नदी की मप्र सीमा में इस सफारी का आनंद श्योपुर जिले के लोग घडियाल विभाग की रोक के कारण नहीं ले पा रहे है। जिससे श्योपुर जिले में पर्यटन सुविधाएं ठप पडी हुई है। इसलिए चंबल नदी में राजस्थान की भांति घडियाल सफारी मप्र की सीमा में सामरसा और रामेश्वर घाट पर शुरू करवाई जाए। यह अनुरोध भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कूनो नेशनल पार्क में आए मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से इस संबंध में एक पत्र सौंपकर किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूषण ने सीएम को अवगत कराया कि घडियाल विभाग की रोक के कारण रामेश्वर घाट पर कोई विकास कार्य भी नहीं हो पा रहा है। इसलिए घडियाल विभाग की रोक भी हटवाए जाए,ताकि रामेश्वर क्षेत्र का विकास हो सके।



### पुलिस की हुडदंगियों पर रहेगी पैनी नजर, मोबाइल टीमें बनाई

# शराब पीकर सड़क पर मचाया हुड़दंग तो खैर नहीं, पुलिस दिखाएगी सीधा हवालात का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

होली पर शराब पीकर सड़कों पर हुड़दंग करने वाले और नशे में मदहोश होकर तेज रफ्तार में बाइक चलाने वाले सजग हो जाएं। क्योंकि पुलिस ऐसे करने वाले लोगो पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सीधे हवालात का रास्ता दिखाएगी। इसके लिए पुलिस की टीमे शहर सहित जिलेभर में भ्रमण करेगी और हडदंगियों पर पैनी नजर रखेगी। पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को यह निर्देश भी दे दिए है कि जो भी होली के रंग में भंग डालने का प्रयास करे, उस पर नजर रखते हुए उससे सख्ती के साथ निपटा जाए।

होली के त्योहार को लेकर पुलिस इस बार खास अलर्ट मोड में रहेगी। क्योंकि इस बार होली के त्यौहार के साथही रमजान पर्व भी मनाया जा रहा है। इसलिए पुलिस ने शहर सहित जिलेभर में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम लगा दिए है। बताया गया है कि करीब 700 पुलिस जवान शहर समेत पूरे जिले में होली की सुरक्षा में चप्पे चप्पे पर तैनात रहेगे। इसके साथही शहर में करीब डेढ दर्जन स्थानों पर पुलिस की चेकिंग पार्टिया तैनात रहेगी। यही नहीं पुलिस की तीन चेकिंग पार्टियां ब्रीथ एनालाइजर, वीडियो कैमरा सहित अन्य संसाधनों से लैश रहेगी जो शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करेगी। वहीं 5 मोबाइल टीमे शहरी क्षेत्र में लगातार भ्रमण करेगी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी अलग-अलग थानों की मोबाइल टीमे सतत भ्रमण करेगी और हडदंगियों पर नजर रखते हुए सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी। ड्रोन के जरिए भी पुलिस निगरानी करेगी। इस दौरान पुलिस को जो भी सडक पर शराब पीकर हुडदंग करता दिखेगा, उसे पुलिस पकडकर हवालात का रास्ता दिखाएगी। उधर जिले के सभी थाना क्षेत्र में होली को लेकर थाना प्रभारी की अगुवाई में मोबाइल टीमे बनाई गई है। इसके अलावा जिन स्थानों पर होलिका दहन होगा, वहां भी पुलिस की टीमे मौजूद रहेगी।



**आज जलेगी होली, दो दिन तक उड़ेगा रंग गुलाल**

आपसी प्रेम व भाईचारे का प्रतीक रंगों का त्योहार होली जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए बाजार सज कर पूरी तरह तैयार हैं। सोमवार को शहर सहित जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर होलिहा दहन किया जाएगा। वहीं इस बार मंगलवार और बुधवार को दो दिनो तक धुरेडी मनाई जाएगी। इसकी वजह यह है कि 3 मार्च को चंद्रग्रहण पड रहा है,इसलिए शहर समेत जिले में कई जगह धुलेंडी 4 मार्च को मनाई जाएगी। वहीं कुछ स्थानों पर 3 मार्च को भी धुलेंडी मनाई जाएगी। जिसके चलते दो दिनों तक रंग गुलाब खूब उडेगा। लोगों ने होली को यादगार मनाने के लिए अपने-अपने ढंग से तैयारी कर ली है। वहीं व्यापारी भी होली पर बेहतर दुकानदारी करने के लिए दुकानों को रंग, अबीर-गुलाल व पिचकारियों से सजा चुके हैं। सोमवार को शहर में 24 स्थानों पर होलिका दहन होगा,इनमें टोड़ी गणेश मंदिर के पास, सुबात कचरी के पास, मैन बाजार अटल बिहारी महाराज के मंदिर के पास, मैन बाजार पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता के घर सामने, बड़ौदा रोड पेट्रोल पंप के सामने, मालियों के मंदिर के पास, भोई मोहल्ला, पुरानी अनाज मंडी, पीजी कॉलेज, ब्लॉक कॉलोनी बीईओ ऑफिस के पास, पुरानी चम्बल कॉलोनी, सलापुरा, आंनद नगर, शिवपुरी रोड़, फक्कड़ चौराहा पर चार स्थानो पर, जाट छात्रावास के पास, कमलाखेड़ली, अम्बेडकर बस्ती, आंनद नगर, पुरानी अनाज मंडी के पीछे, सरावगी मोहल्ला, बाल्मिकी मोहल्ला आदि स्थान शामिल है। यहां होलिका दहन समितियों ने सारी तैयारी कर ली है। यहां पुलिस भी तैनात रहेगी।

**इनका कहना है...**

होली की सुरक्षा को लेकर शहर सहित जिलेभर में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए है। जो भी शरारती तत्व रंग में भंग डालने का प्रयास करेगा,उससे पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी। शराब पीकर हुडदंग करने वाले और वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

सुधीर कुमार अग्रवाल
एसपी,श्योपुर

## सड़क सुरक्षा को लेकर, बजरंगगढ़ बायपास पर अतिक्रमण हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर में हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने त्वरित संज्ञान लिया है। ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सघन जांच और नियमित चेकिंग के निर्देश दिए हैं।उल्लेखनीय है कि बजरंगगढ़ बायपास स्थित मारुति सुजुकी शोरूम के सामने संचालित कान्हा धर्मकांटा (गोपाल दाल मिल) के समीप हाल ही में एक छात्र ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना को प्रशासन ने अत्यंत गंभीरता से लिया है।कलेक्टर के निर्देशन में तहसीलदार जी.एस. बैरवा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त, मारुति सुजुकी शोरूम के सामने बजरंगगढ़ बायपास की दोनों ओर किए गए स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण को नियमानुसार हटाया गया।



## खबर संक्षेप

### युवक का शव रेल पटरियों पर मिला

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रेलवे लाईन के पोल क्रमांक 1007 से 1028 के बीच एक युवक का शव रेल पटरियों पर पाया गया है। जिसकी पहचान लक्ष्मीनारायण पुत्र अनेहीलाल विश्वकर्मा निवासी आजादपुरा ललितपुर के रूप में की गई है। पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम ऊमरी निवासी कुलदीप पुत्र अशोक रघुवंशी उम्र 27 साल ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस जांच कर रही है।

### 80 लीटर अवैध शराब बरामद की गई

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम बरखेडी निवासी लाखन सिंह कुर्मी के पास से 80 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने नई वस्ती निवासी गोविंद मोगिया के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### प्रभारी मंत्री ने स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने शनिवार को जिला अशोकनगर की तहसील नईसराय के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की परम पूज्य माताजी जनकदुलारी शर्मा के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रभारी मंत्री शुक्ला ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर जिले से राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान शुभारंभ किया गया। जिला चिकित्सालय अशोकनगर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ अलका त्रिवेदी के निर्देशन में डॉ रजनी छारी, जिला स्वस्थ अधिकारी एवं टीकाकरण अधिकारी डॉ जयकृत सिंह राजपूत की उपस्थिति में किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण कर अभियान का शुभारंभ किया गया।

# जब-जब धरा पर पाप अत्याचार बढ़ता है तब-तब भगवान लेते हैं अवतार: आचार्य आकाश दुबे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नरसिंह मंदिर के बरसाना सत्संग हॉल में चल रही कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास आचार्य आकाश दुबे ने बताया कि जब-जब इस धरा पर पाप अनाचार अत्याचार बढ़ता हैं तब तब इस धारा को सुरक्षित करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं।


कथा व्यास आकाश दुबे ने बताया कि भगवान विष्णु के सातवें अवतार, मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जन्म त्रेता युग में अयोध्या के राजा दशरथ और रानी कौशल्या के घर हुआ था, जो चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में हुआ, जब सूर्य, मंगल, शनि, बृहस्पति और शुक्र अपने उच्च स्थानों पर थे, जिससे पूरे अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ गई और बाद में उनके भाइयों भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का भी जन्म हुआ, जिससे राज्य में उत्सव का माहौल था और महर्षि वशिष्ठ ने नामकरण किया। अयोध्या के राजा दशरथ के कोई संतान नहीं थी, इसलिए उन्होंने पुत्र प्राप्ति के लिए एक यज्ञ (पुत्रकामेष्टि यज्ञ) कराया। यज्ञ का प्रसाद यज्ञ के अंत में अग्नि देवता ने राजा दशरथ को प्रसाद (पायसम) दिया, जिसे उन्होंने अपनी तीनों रानियों - कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी - में बांटा जिससे रानी कौशल्या ने राम को जन्म दिया। कैकेयी ने भरत को जन्म दिया।

सुमित्रा के जुड़वां पुत्र लक्ष्मण और शत्रुघ्न हुए। नवमी (राम नवमी) के दिन, पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में हुआ, जब सभी ग्रह अपने शुभ स्थानों पर थे, यह एक अत्यंत शुभसंयोग था। चारों राजकुमारों के जन्म से अयोध्या में खुशी मनाई गई, देवताओं ने पुष्प वर्षा की, गंधर्वों ने गान किया और अप्सराओं ने नृत्य किया। महर्षि वशिष्ठ ने इन राजकुमारों का नाम राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न रखा। भगवान राम के जन्मोत्सवों में भक्तगण जमकर नाचे।

### मेले में 6 दिन शेष, आने वाले लाखों लोगों के लिए बनाई गई रूपरेखा

# करीला मेला में श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्ग तय किए, सुरक्षा व्यवस्था चुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगपंचमी पर्व के पावन अवसर पर थाना बहादुरपुर क्षेत्र अंतर्गत स्थित करीला माता मंदिर में दिनांक 07 मार्च 2026 से 09 मार्च 2026 तक भव्य करीला मेला 2026 का आयोजन किया जा रहा है। मेले में प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए अशोकनगर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक, बहुस्तरीय एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाई गई है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं समस्त राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में संपूर्ण मेला क्षेत्र, मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल, आवागमन मार्ग एवं संवेदनशील स्थानों को सुव्यवस्थित संचालन हेतु सेक्टर एवं उप-सेक्टर प्रणाली में विभाजित किया गया है, जहां प्रत्येक सेक्टर में जिम्मेदार अधिकारी एवं पुलिस बल की पृथक तैनाती सुनिश्चित की गई है। मेले के दौरान यातायात एवं मेले में अत्यधिक भीड़ एवं वाहनों के दबाव को नियंत्रित करने हेतु करीला माता मंदिर आने वाले समस्त मार्गों को वन-वे, टू-वे, पैदल मार्ग, वैकल्पिक मार्ग एवं प्रतिबंधित मार्ग के रूप में चिन्हित किया गया है।

#### आवागमन के मार्ग

1. अशोकनगर से आने वाले श्रद्धालुः- अशोकनगर से करीला मंदिर की ओर आने वाले समस्त वाहन बेलई मार्ग से होकर ग्राम कानीखेड़ी में निर्मित पार्किंग स्थल पर पहुंचेंगे, जहां भारी वाहन पार्किंग,चार पहिया वाहन पार्किंग,दो पहिया वाहन पार्किंग बनाई गई हैं। आगे वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वाहन पार्किंग के पश्चात श्रद्धालु पैदल मार्ग से मंदिर दर्शन हेतु जाएंगे। दर्शन उपरांत अशोकनगर की ओर जाने वाले वाहनों की निकासी व्यवस्था निम्नानुसार रहेगीः-दर्शन पश्चात निकासी पार्किंग स्थल के पीछे बने नवीन वैकल्पिक निकासी मार्ग से जमुनिया, पीपलखेड़ा तिराहा, दंगलिया तिराहा होते हुए अशोकनगर की ओर प्रस्थान करेंगे।

2. सिरोंज/राजपुर मार्ग से आने वाले श्रद्धालुः- सिरोंज/राजपुर मार्ग से आने वाले समस्त वाहन पीपलखेड़ा तिराहा से दंगलिया तिराहा होते हुए ग्राम कानीखेडी में निर्धारित पार्किंग स्थलों में वाहन खड़े करेंगे तथा वहां से पैदल मंदिर दर्शन हेतु जाएंगे। आगे वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दर्शन उपरांत निकासी पार्किंग स्थल के पीछे बने नवीन वैकल्पिक निकासी मार्ग से पीपलखेड़ा तिराहा से सिरोंज/राजपुर मार्ग की ओर प्रस्थान करेंगे।

3. ललितपुर ग्राम मार्ग से आने वाले वाहनः- ललितपुर ग्राम की ओर से आने वाले समस्त वाहन केवल ललितपुर पार्किंग स्थल पर ही पार्क किए जाएंगे। आगे वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दर्शन उपरांत ललितपुर ग्राम मार्ग से आने वाले वाहन पुनः इसी मार्ग से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे।

4. मुंगावली (बांगला चैराहा) एवं विदिशा मार्ग से आने वाले वाहनः- इन मार्गों से आने वाले श्रद्धालु वाहन बमोरीशाला में निर्मित पार्किंग स्थल में क्रमशः भारी, चार पहिया एवं दो पहिया पार्किंग में वाहन खड़े करेंगे। आगे वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दर्शन उपरांत मुंगावली (बांगला चैराहा) एवं विदिशा मार्ग की ओर जाने वाले वाहन की निकासी व्यवस्था निम्नानुसार रहेगीः-दर्शन पश्चात निकासी पार्किंग स्थल के पीछे ग्राम बगवा होते हुये ग्राम गुपलिया मार्ग से अशोकनगर एवं विदिशा की ओर सुनिश्चित की गई है।

5 करीला मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाः- करीला मेला सुरक्षा हेतु लगभग 1700 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तैनात किया जावेगा, जिनमें 04 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 20 उप पुलिस अधीक्षक, 70 निरीक्षक सहित जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल, होमगार्ड, एसडीआरएफ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त स्थानीय कोटवार, एनआरएस एवं वन विभाग का अमला भी समन्वय स्थापित करते हुए व्यवस्था में सहयोग करेगा। हाईटेक निगरानी एवं अपराध नियंत्रण व्यवस्थाः- मेले की सुरक्षा को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने हेतु आधुनिक निगरानी तंत्र विकसित किया गया हैः-

संपूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा निगरानी,ड्रोन कैमरों द्वारा सतत,एरियल मॉनिटरिंग,रात्रि सुरक्षा हेतु हाई पावर सर्च लाइट,अपराध नियंत्रण दस्ता,मोटरसाइकिल क्विक रिस्पांस टीम, मोबाइल पेट्रोलिंग यूनिट,पैदल गश्ती दल,बीडीडीएस टीम ,डॉग स्क्वाड। उपरोक्त के द्वारा संदिग्ध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखी जाएगी।

#### खास बातें

- केवल निर्धारित मार्गों से ही आवागमन करें।
- वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करें।
- अपने सामान एवं मोबाइल की सुरक्षा स्वयं रखें।
- विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, हथियार एवं आपत्तिजनक वस्तुएं प्रतिबंधित हैं।
- मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखें।
- किसी भी समस्या पर पुलिस सहायता केंद्र या हेल्पलाइन 7587619200 पर संपर्क करें।
- जुआ, सट्टा, शराब एवं अवैध मादक पदार्थ पूर्णत: प्रतिबंधित हैं।
- बच्चों को अपने साथ रखें।
- भीड़भाड़ में धक्का-मुक्की न करें।
- प्रशासन द्वारा जारी यातायात एवं सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

#### इनका कहना है

श्रद्धालुओं से अपील है कि रंगपंचमी पर्व पर मेले में लगाई गई। यातायात, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें। सुविधा हेतु करीला मेला व्यवस्था का मानचित्र, बारकोड, लिंक संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
**राजीव कुमार मिश्रा,** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर

### नागरिकों को मिल रही ताज़ी सब्जियां

# जैविक प्राकृतिक हाट बाजार में किसानों को मिल रहे बेहतर दाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

तहसील में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित जैविक, प्राकृतिक हाट बाजार का 15 वां सप्ताह रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस हाट बाजार में विकासखंड के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों ने अपनी उपज की दुकानें लगाईं। गौरतलब है कि आयोजित जैविक, प्राकृतिक हाट बाजार में किसानों द्वारा बैंगन, आलू, चुकंदर, बींस, मेथी, गाजर, पपीता, प्याज, मटर, अमरूद सहित विभिन्न प्रकार की फल एवं सब्जियां प्रचुर मात्रा में बेची गईं। इस पहल से किसानों को उनकी उपज के अच्छे दाम मिल रहे हैं, वहीं नगरवासियों को ताज़ी एवं गुणवत्तापूर्ण सब्जियां उपलब्ध हो रही हैं। हाट बाजार कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रत्येक रविवार सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाता है। बाजार में किसानों की उपज कुछ ही घंटों में बिक जाती है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है तथा नगरवासियों के स्वास्थ्य में भी सकारात्मक सुधार देखा जा रहा है।

इस हाट बाजार की निगरानी कृषि विभाग के एसएडीओ अवधेश राय तथा कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक कौशिक, अजहर उद्दीन, प्रताप सिंह बागरी, दीपेश मोघे और सचिन चतुर्वेदी द्वारा निरंतर की जा रही है। बाजार में भाग लेने वाले प्रमुख किसानों में मुन्ना लाल पटेल, आनंद पटेल, चंद्रेश पटेल, अर्जुन राजपूत और उमेश पटेल सहित अन्य किसान शामिल रहे। इस पहल को क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला, प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान- 2026 के अंतर्गत भाजपा द्वारा शनिवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन स्थानीय राजश्री होटल में किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने बताया कि जिला प्रशिक्षण के बाद मंडल स्तर के प्रशिक्षण शिविर आगामी समय में चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। जनसंपर्क के आधुनिक साधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग कार्यशाला में मुख्य वक्ता, संभाग प्रशिक्षण प्रभारी नरेंद्र बिरथरे एवं सह प्रभारी मधुसूदन भदोरिया द्वारा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान बिरथरे ने कहा कि कार्यशालाओं का मूल उद्देश्य संगठनात्मक ,विचारधारा की गहन समझ तथा कार्यकर्ताओं के सतत प्रशिक्षण को नई दिशा प्रदान करना है। कोई भी संगठन केवल पदों और संरचना से मजबूत नहीं होता, बल्कि उसके पीछे कार्यरत प्रशिक्षित, अनुशासित और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ता ही उसकी वास्तविक ताकत होते हैं। कार्यशाला को मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव अशोकनगर के पूर्व विधायक जसपाल सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री नरेश ग्वाल द्वारा किया गया एवं आभार मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन ने व्यक्त किया।

### पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

# छात्रा मुक्ति मलिक ने चंद्रयान और सोहनी प्रजापति ने बनाया वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पीजी कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया ने छात्रों को जीवन में जिज्ञासु, आत्मविश्वासी एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एमएल सोनी ने कहा कि विद्यार्थी नवाचार, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़कर विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करें। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अंतर्विषयक शिक्षा पद्धति से होने वाले लाभों को विस्तार से बताया।

मुख्य वक्ता गौरव नैलवाल ने महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव को अत्यंत सरल एवं रोचक भाषा में समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार और वैज्ञानिक चेतना के साथ समाज के विकास में योगदान देने की प्रेरणा दी। प्रो. आरएस तिवारी ने वर्तमान एवं भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका, संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। वहीं राजपाल केवट ने महान आविष्कारक थॉमस एडिसन का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास और एकाग्रता का संदेश दिया।

विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में टीम बी की मुक्ति मलिक, अनुष्का लोधी एवं सोहनी प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. राजेश सप्रे ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। छात्रा मुक्ति मलिक ने चंद्रयान से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किया, जबकि सोहनी प्रजापति ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का मॉडल प्रदर्शित कर जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मोहम्मद रफीक शेख, उमेश यादव, श्वेता दुबे, श्याम बाबू अहिरवार, प्रीति देशभ्रतार, डॉ. चेतना शर्मा एवं ऋतिक तिवारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव से संचार मंत्री सिंधिया की मुलाकात...

# रेल सुविधाओं की कमी से जूझ रहा समूचा अंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से जिले के सांसद और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुलाकात की है इस मुलाकात के क्या मायने में है लेकिन मुलाकात के मायने कुछ और नहीं अभी तो गुना अशोकनगर शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं की जो लंबी फेहरिस्त है उस फेहरिस्त को पूरा करने की मांग है।

ज्ञात हो कि अशोकनगर जिला और पड़ोसी जिले गुना और शिवपुरी रेल सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं, इन जिलों की लाखों जनता यातायात के संसाधन में भी रेल सुविधाओं की कमी का दंश भोग रही है जिसके कारण यहां के लाखों नागरिकों हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब भी केंद्रीय मंत्री सिंधिया संसदीय क्षेत्र की यात्रा पर आते हैं तो आम जनों ने और जन प्रतिनिधि उन्हें घेर लेते हैं और मांग उठती है रेलों की लेकिन सिंधिया हर बार हर कार्यक्रम में इस बात का कोई जिक्र न कर गोल-गोल जवाब देकर अपने भाषण में तमाम तरह की मक्खन बाजी कर कार्यक्रमों से चले जाते हैं और मांग अधूरी रह जाती है। जब भी पत्रकार वार्ताओं का आयोजन होता है तब भी यही स्थिति बनती है प्रश्न का जवाब ही नहीं आता लेकिन इन सब के पीछे सीधा-सीधा आशा यही है क्षेत्र में रेलों की कमी को पूरा करने के लिए केंद्रीय मंत्री सिंधिया स्वयं रेल मंत्री से मुलाकात कर अपने क्षेत्र के लोगों की मांगों को पूरा करना चाहते थे जो उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सुझाव और लिखित मांग वी थी पहले भी सिंधिया क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल रेल मंत्री के पास ले जाकर मुलाकात कर चुके इन सब के मायने सीधे-सीधे यही है इस क्षेत्र में रेल सुविधाओं की कमी को पूरा किया जाना जरूरी है।

इस क्षेत्र में रेल सुविधाओं की कमी को कोरोना काल के बाद अधिकारियों ने और भी बढ़ा दिया है। यह अधिकारी स्थानीय सांसद को भी गुमराह कर रहे हैं और अधिकारी जो चाहते हैं वहीं इलाके में होता है आप अगर अधिकारियों की करतूत देखिए कि पहले उन्होंने बीना गुना के बीच ट्रेन का एक फेरा कम किया फिर बड़ी चालाकी से बीना नागदा ट्रेन का समय परिवर्तित कर दिया ताकि लोगों को इसका एहसास न हो सके और बीना गुना की कमी को पूरा किया जा सके, उल्टा जबलपुर ट्रेन को भी बंद कर दिया गया। उज्जैन देहरादून ट्रेन को जिसे स्वयं तत्कालीन रेल मंत्री माधवराव सिंधिया ने रेल मंत्री पद पर रहते हुए चलवाया था उसे भी अशोकनगर जिले से डायवर्ट कर दिया गया। यह सब मांगे तो है ही और क्षेत्र की जनता भी इस मांग पर लड़ रही है कि पहले से चल रही ट्रेनों को बंद करना इस क्षेत्र की उपेक्षा किया जाना है। इसके अलावा इंदौर तक सीधी ट्रेन की कमी आज तक पूरी नहीं हो पा रही है, यह कमी कैसे पूरी होगी यह समझ में नहीं आ रहा है। इंदौर जबलपुर ट्रेन रेल विभाग बंद कर चुका है अब इंदौर से इलाहाबाद ट्रेन की मांग जोर शोर से हो रही है रेलवे के पास एक बेहतर विकल्प है कि इंदौर अंबेडकर महू से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन को वाया गुना अशोकनगर के रास्ते चलाया जाए। ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस को दिल्ली तक बढ़ाया जाए, कोटा हिसार ट्रेन बीना तक बढ़ाया जाए और दिल्ली मुंबई के बीच एक नई ट्रेन शिवपुरी, गुना, अशोकनगर के रास्ते चलाई जाए।

#### मांगों का इंतजार बरकरार

इस तरह की दर्जनों मांगे हैं जो तीनों जिलों के मांग पत्र का हिस्सा है और यह पूरी नहीं हुई तो जनता अपनी मांगों को पूरा करने के लिए किसी भी स्तर पर उतर सकती है। यह जनता मन बना रही है क्योंकि जनप्रतिनिधियों से जनता की मांग है पहले मांगे पूरी की जाए उसके बाद आगे की बात की जाए। ऐसी स्थिति में यह सुविधाओं की कमी को पूरा करना किसी और कि नहीं स्थानीय सांसद और संचार मंत्री सिंधिया की जिम्मेदारी है। इन मांगों के साथ वंदे भारत ट्रेन को भी इस क्षेत्र से नहीं जोड़ा गया है भोपाल से पाटलिपुत्र और भोपाल से जोधपुर के बीच में एक नई बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए। देखना है कि देखना है कि रेल मंत्री से मुलाकात के बाद सिंधिया की झोली में कितनी ट्रेनें आती है कितनी नई होगी कितनी ट्रेनों का विस्तार होगा और कितनी पुरानी ट्रेनों का फिर से संचालन होगा, जनता को इस सबका इंतजार है।